हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 2 जुलाई 2024

04 थानों में जनसंवाद आयोजित कर दी गई नए...



08 देश में लागू हो गए नए कानून के बारे में लोगों को दी गई...





## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने डॉक्टर्स को सम्मानित किया

**विदिशा।** लायंस क्लब सनराइज ने डॉक्टर एवं चार्टर एकाउंटेंट दिवस पर सनराइज क्लब द्वारा डॉक्टर प्रीति कौर, डॉ ज्योति साहू, डॉ रवि साहू का शॉल श्रीफल से सम्मान किया। साथ ही हंगर गतिविधि के तहत मानव सेवा न्यास में 80 निराश्रित लोगों को भोजन कराया। इस अवसर पर क्लब प्रेसिडेंट लायन अनामिका पचौरी, कोषाध्यक्ष लायन डॉ प्रीति कौर, लायन शालिनी भार्गव, जीएस चौहान, लायन अमोल अग्रवाल, लायन शोभित भार्गव, लायन रोहित गर्ग उपस्थित रहे।

### किसानों ने चक्काजाम करने की चेतावनी दी

**कागपुर।** हिनौतिया सब स्टेशन के ग्राम सुरई मूडरा, ग्राम परस परसोरा, ग्राम कोलींज़ा व ग्राम छापखेड़ा के किसानों ने परसोरा पंप लाइन के सही ढंग से न चलने पर 3 दिन बाद चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नटेरन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि परसोरा पंप लाइन पर कभी भी पेट्रोलिंग नहीं जाती। न ही कभी परसोरा पंप लाइन पर कोई लाइन मेन को देखा है। जिस वजह से लाइन 10 घंटे की जगह सिर्फ़ 1 या 2 घंटे मिल रही है जिससे कृषि कार्य प्रबाधित हो रहा है। जिससे सभी किसानों में रोष व्याप्त है। यदि परसोरा पंप लाइन को सही ढंग से नहीं चलाया जाता है तो सभी किसान हिनौतिया हाईवे पर चक्काजाम के लिए मजबूर होंगे।

### नवजात शिशुओं को बेबी किट का वितरण

**विदिशा।** महावीर इंटरनेशनल ने अपनी स्थापना की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसी उपलक्ष्य में सम्पूर्ण देश के केन्द्रों द्वारा जिला चिकित्सालय के मैटरनिटी वार्डों में नवजात शिशुओं को 100 बेबी किट का वितरण किया गया। इन हाइजीनिक किटों को बांटने का उद्देश्य है कि नवजात शिशु संक्रमण से मुक्त रहे, एवं उन्हें किसी प्रकार की बीमारी ना हो। इस अवसर पर विदिशा केंद्र के अध्यक्ष वीर राजकुमार गुप्ता, भोपाल जॉन के जॉन चेयर पर्सन वीर जीएस चौहान, केंद्र के सचिव वीर सुनील जैन, कोषाध्यक्ष भी अवनेश जैन, पूर्व अध्यक्ष वीर विक्रम जैन, वरिष्ठ सदस्य वीर दिनेश गुप्ता एवं वीरा रेखा गुप्ता उपस्थित रहीं।

### देवी अहिल्याबाई होल्कर समिति की घोषणा हुई

**विदिशा।** शरद स्मृति न्यास ने सम्राट गार्डन में देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्मतिथि शताब्दी समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विभाग संघचालक सुरेश देव, प्रांतीय सचिव देवी होलकर समिति मध्य भारत प्रांत वंदना गांधी, विभाग कार्यवाह नवीन जोशी मौजूद रहे।
मुख्य वक्ता डॉक्टर वंदना गांधी द्वारा महारानी अहिल्याबाई की होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की देवी अहिल्याबाई महान शासक थी जब महिलाओं के लिए शिक्षा ,राजनीति और शासन में भाग लेना अत्यंत कठिन काम था, लेकिन उन्होंने समाज की रूढ़िवादी धारणाओं को पार करते हुए न केवल शक्तिशाली राज्य पर शासन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश देव द्वारा पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी समारोह समिति की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मीकांत मरखेड़कर , उपाध्यक्ष अलका ओसवाल, योगेंद्र राणा, विकास पचौरी, सचिव रामकमल रघुवंशी शहर सहसचिव वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह ,सदस्य दिलीप देसाई, योगेंद्र त्रिपाठी ,भावना त्यागी, देवेंद्र वर्मा,विवेक अग्रवाल, महेंद्र लोधी, सौरभ मराठे, प्रमोद चौहान , रितु उदयवाल, वेदिका मेहता , तरुण ताम्रकार, सुमन सोनी, शैलेश रघुवंशी ,कमलेश जैन, दीपक पाल, लखन सिंह जाट आदि नामों की घोषणा की। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रेम सिंह धाकड़ द्वारा किया गया।

## कथा शुरू होने से पहले एक लाख वर्ग फीट में बना पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा



विदिशा। कथा शुरू होने से दो घंटे पहले से कथा स्थल गिरधर कॉलोनी पहुंचकर पंडाल में बैठ जाते हैं श्रद्धालु। कथा स्थल से घर जाने साधन न मिलने के कारण श्रद्धालुओं को हो रही सबसे अधिक परेशानी।

**विदिशा।** गिरधर कॉलोनी में चली रही शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन एक लाख श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे। हालांकि कथा शुरू होते ही भारी बारिश शुरू हो गई। जिसके कारण पंडाल में पानी भर गया। इसके बाद भी श्रद्धालु डटे रहे। दोपहर 1 बजे के पहले ही एक लाख वर्ग फीट में बना पंडाल खचाखच भर गया। बारिश होने के बाद भी पंडाल से बाहर खड़े हजारों श्रोता भीगते हुए कथा सुनते रहे। कथा आयोजन समिति अव्यवस्थाओं को दूर करने का लगातार प्रयास कर रही है। भले ही बारिश हो रही हो, लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



विदिशा। पंडाल के अंदर पानी भरने के बाद भी डटे रहे हजारों श्रद्धालु।

### मंडी के हम्मालों और व्यापारियों के बीच विवाद, थाने पहुंचा मामला

## हंगामा: नीलामी काम बंद होने से नाराज किसानों ने मंडी के बाहर किया चक्काजाम

मजदूर ने व्यापारी को लोहे का आंकड़ा मारकर घायल किया, एफआईआर वापस लेने बना रहे दबाव।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

व्यापारियों और हम्माल के विवाद के चलते मंडी में नीलामी बंद होने के बाद परेशान किसानों ने सोमवार को मंडी के बाहर चक्काजाम कर दिया।

एसडीएम की समझाइश के बाद मंडी में नीलामी शुरू हुई। दो दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में खुली। बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर कृषि उपज मंडी पहुंचे। मंडी में अचानक से नीलामी बंद हो गई। जिससे किसान भड़क गए। किसानों ने मिलकर मंडी के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। किसानों के हंगामा और चक्काजाम की जानकारी लगते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को चक्कर जाम खत्म करने की समझाइश दी गई। लेकिन किसान मंडी में नीलामी चालू करवाने की मांग पर डटे रहे।



विदिशा। कृषि उपज मंडी के बाहर बैठकर प्रदर्शन करते दूर दूर से आए किसान।

किसानों का कहना था कि बारिश के मौसम में अगर मंडी को बंद रखना था तो पहले ही इसकी सूचना देना चाहिए थी। किसान दूर-दूर से अपनी उपज बेचने के लिए मंडी आए हैं। मंडी में नीलामी नहीं होने से किसान परेशान हो रहे हैं। बारिश में उपज गीली हो जाएगी तो उसके खराब होने का खतरा लगा रहता है। व्यापारियों और हम्मालों के बीच विवाद के कारण किसान परेशान हो रहे हैं। किसानों के हंगामा और चक्काजाम की जानकारी लगते ही एसडीएम क्षितिज शर्मा मौके पर पहुंचे तो पता चला कि व्यापारियों और हम्मालों के बीच हुए विवाद के कारण मंडी में नीलामी नहीं हो रही है। एसडीएम ने दोनों पक्षों से बातचीत की ओर समझाइश दी।

एसडीएम का कहना था कि 2 साल पूरे होने के बाद हम्मालों और व्यापारियों के बीच के अनुबंध के अनुसार 15 फीसदी राशि मजदूरी की बढ़ाई जानी थी। इसके साथ ही अन्य छोटे छोटे विषय है। जिनको लेकर चर्चा करके उसे हल किया जाएगा। एसडीएम की समझाइएश के काफी समय बाद मंडी में नीलामी कार्य शुरू हो पाया।

#### एफआईआर वापस लेने बना रहे दबाव

इस पूरे मामले को लेकर अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि शनिवार को व्यापारी विमल के ऊपर एक मजदूर ने लोहे का आंकड़ा पीठ में मार कर उसे घायल किया था। इस बात की शिकायत हमने कोतवाली में की थी। इस बात को लेकर सभी हम्माल हंगामा करने लगे। एफआईआर को वापस लेने का दबाव बना रहे थे। जो घटनाक्रम व्यापारी के साथ हुआ है वह दोबारा न हो इसके लिए असामाजिक तत्वों को मंडी में हम्मली के लिए न रखा जाए।

## पुल के गड्ढे से कार अनियंत्रित होकर पलटी, 2 लोगों की मौत


### दो बहनों में इकलौते भाई था एक युवक मृत्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

रविवार शाम अपनी मारुति आर्टिका कार से बैरसिया घूमने जा रहे नगर के दो युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई। हिनौतिया के आगे पुलिया पर गड्ढे में कार अनियंत्रित होने के कारण यह हादसा हुआ।

अनियंत्रित होने के बाद कार सड़क पर 3-4 पलटी खा गई। हादसे में कार में बैठे 18 वर्षीय विपिन राजपूत पुत्र पर्वत राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर घायल अंशु साहू को बैरसिया हॉस्पिटल से भोपाल रेफर किया गया है। प्राइवेट हॉस्पिटल में देर रात अंशु की भी मौत हो गई। कार में बैठे अन्य घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दो युवकों की मौत की खबर सुनकर नगर में सन्नाटा छा गया। दोनों दोस्त विपिन राजपूत, अंशु साहू का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। विपिन राजपूत चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। पिता मेहनत मजदूरी करते हैं विपिन ने इस वर्ष 12वीं पास की थी। वहीं अंशु पूर्व पार्षद हेमंत साहू का इकलौता बेटा था।





### जिले में अब तक 151.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

**विदिशा।** विदिशा जिले में अब तक 151.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है जबकि गतवर्ष उक्त अवधि में 238.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। सोमवार एक जुलाई को जिले में पांच मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिसमें सर्वाधिक विदिशा तहसील में 24 मिमी, ग्यारसपुर में 20 मिमी, शमशाबाद में 3.5 मिमी व नटेरन में दो मिमी वर्षा दर्ज की गई है। शेष अन्य तहसीलों में वर्षा नगण्य रही। जिले की तहसीलों में स्थापित वर्षामापी यंत्रों पर एक जून से आज तक विदिशा में 132 मिमी, बासौदा में 86.4 मिमी, कुरवाई में 129.2 मिमी, सिरोंज में 129 मिमी, लटेरी में 385.1 मिमी, ग्यारसपुर में 144 मिमी, गुलाबगंज में 92 मिमी बारिश हो चुकी है।

## कथा अव्यवस्था: ज्ञापन सौंपकर कहा, पहले कथा स्थल को इंसानों के बैठने लायक बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गिरधर कॉलोनी में चल रही शिवमहापुराण कथा में अव्यवस्था और श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी एवं जिला प्रशासन व नपा की लापरवाही के खिलाफ भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटोलिया को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि कथा स्थल पर महिलाएं, बुजुर्ग बच्चे भयंकर कीचड़ की गंदगी में बैठकर कथा सुन रहे हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि साहू के नेतृत्व में सौंपे ज्ञापन में रवि साहू ने कहा कि कथा स्थल पूर्व में कृषि उपज मंडी में तय था जहां सीसी रोड थी जबकि वर्तमान कथा स्थल एक खेत नुमा कालोनी में है। जहां काली मिट्टी होने से चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ और गंदगी फैली हुई है। रवि साहू ने कहा कि महिला श्रद्धालु, बुजुर्ग, बच्चे सब परेशान हो रहे हैं। रवि साहू ने इस अव्यवस्था के लिए आयोजन समिति जिला प्रशासन और कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा को ठहराया। ज्ञापन में मांग की गई है कि कथा स्थल पर तत्काल जिला प्रशासन और नगर पालिका गिट्टी की चूरी और मुरम डलवाकर कथा स्थल को इंसानों के बैठने योग्य बनाएं।



विदिशा। ज्ञापन सौंपकर कथा स्थल पर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की।

### जमीन हथियाने बहन जीजा और भांजे के साथ कर दी मारपीट

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सिरोंज तहसील के कचनारिया गांव निवासी कोशा बाई अपने पति धन्नालाल और बेटे नरपत सिंह के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। जहां उन्होंने शिकायत करते हुए अपने सगे भाई लक्ष्मण सिंह पर मारपीट और जमीन हथियाने का आरोप लगाया। घायल निरपत सिंह और उनके भाई ने बताया कि 20 सालों से उनका परिवार कब्जे की जमीन से गुजर बसर करता है। उसी जमीन पर मामा लक्ष्मण सिंह की नजर है। जो उसे हथियाना चाहते हैं। जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उन्होंने अपनी बहन कोशा बाई, जीजा धन्नालाल, भांजे निरपत सिंह के साथ मारपीट की। पुलिस में इस बात की शिकायत की गई लेकिन पुलिस सुनवाई नहीं कर रही। 25 जून को हुई इस घटना के बाद से अब तक पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर परिजनों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

## नीट व नर्सिंग कॉलेज घोटाले के विरोध में कांग्रेस ने पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री सारंग का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

प्रदेश के नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतर आई है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नीट परीक्षा और नर्सिंग कॉलेज में हुए घोटाले को लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौराहे पर पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की काफी कोशिश की। लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पुतला नहीं ले जाने दिया।

इसके बाद कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मप्र में नर्सिंग कॉलेज के घोटाले को बड़ा घोटाला बताते हुए पूर्व मंत्री और अन्य अधिकारी जो इस घोटाले में लिप्त हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस की पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की आव्हान पर सोमवार पूरे प्रदेश में मंत्री विश्वास सारंग का पुतला दहन किया गया। इतनी बड़ी संख्या में फर्जी नर्सिंग कॉलेज को मान्यता देकर छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इसमें चिकित्सा शिक्षा मंत्री को भूमिका भी संदिग्ध है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।



विदिशा। नर्सिंग कॉलेज और नीट परीक्षा घोटाले के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डॉक्टर्स डे के अवसर पर सोमवार को जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ शिरिष रघुवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी एवं चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सकों का शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया है।

सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने बताया कि डॉक्टर डे मनाने की खास वजह यह है कि यह दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ विधान चंद्र राय की जयंती के साथ उनकी पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। चिकित्सा जगत में उनके द्वारा की गई अनुकरणीय सेवाओं के लिए उनकी याद में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टर डे के अवसर पर चिकित्सकों द्वारा रक्तदान भी किया गया चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा जनहित मे चिकित्सकीय योगदान के लिए सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा डॉक्टर अनूप वर्मा, डॉक्टर आरएल सिंह, डॉक्टर प्रतिभा ओस्वाल, डॉक्टर राकेश सक्सेना, डॉक्टर समीर किरार, डॉक्टर राकेश अहिरवार को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अन्य सभी चिकित्सको द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में दिए जा रहे सराहनीय योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदाय किये। इस अवसर पर जिला अस्पताल से सेवा निवृत कर्मचारी केदार नाथ मालवीय का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी द्वारा उन्हें फूलमाला पहनाकर शॉल श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के सभी पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग ऑफिसर्स एवं चतुर्थ श्रेणी स्टाफ मौजूद रहे।




विदिशा। डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर सुमन राय की स्मृति में मेडिकल टीचर एसोसिएशन के द्वारा मेडिकल कॉलेज गार्डन में पौधरोपण किया गया।

## जमीनी विवाद में भाइयों और उनके बच्चों पर किया जानलेवा हमला

**विदिशा।** कुरवाई थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले दांगी परिवार के सदस्यों के बीच में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई थी। घटना गुरुवार की है।

सोमवार को घायलों के परिजन एसपी कार्यालय में परिवार के सदस्य घायलों को एंबुलेंस से लेकर पहुंचे। एसपी को ज्ञापन देते हुए मारपीट करने वाले अपने ही परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एक पीड़ित ने बताया कि वह चार भाई हैं। उनमें से एक भाई प्रहलादसिंह द्वारा अन्य भाइयों उनके बेटों और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ में लाठी परसों डंडों से हमला कर घायल किया गया। इस मारपीट में प्रहलाद के साथ उनके बेटे, साले और अन्य लोग शामिल थे। एसपी से इस मामले में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना की कुरवाई थाने में भी एफआईआर दर्ज कराई गई थी, लेकिन आरोपियों पर अब तक कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई। चार से पांच घायलों को कुरवाई से रेफर कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2781
उच्चतम भाव-3690
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2450
उच्चतम भाव-2901
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2450
उच्चतम भाव- 2555
चना
न्यूनतम भाव- 5055
उच्चतम भाव- 6760
मसूर
न्यूनतम भाव-4210
उच्चतम भाव-6465
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1870
उच्चतम भाव-4530
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-6100
सरसों
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6060
उड़द
न्यूनतम भाव-4280
उच्चतम भाव-7660
मूंग
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7750
धान
न्यूनतम भाव-900
उच्चतम भाव-3080
अलसी
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-5470
बटरी
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6500
धना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6800
ज्वार
न्यूनतम भाव-1830
उच्चतम भाव-2000
तुअर
न्यूनतम भाव-9000
उच्चतम भाव-9000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 15507 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## सोमवार से लागू हो गया है भादंवि की जगह भारतीय न्याय संहिता

# थानों में जनसंवाद आयोजित कर दी गई नए कानून की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को भारतीय दंड संहिता के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता लागू हो गई है। इस नए नियम के लागू होने के साथ ही उसके बारे में जानकारी देने और नए कानून से लोगों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर नगर एवं आसपासा के थानों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें पुलिस अधिकारियों एवं अभिभाषकों ने नागरिकों,सरपंचों, जनप्रतिनिधियों आदि को उक्त कानून की जानकारी दी और उनकी शंकाओं का समाधान किया गया।

ज्ञात हो कि देश भर में अंग्रेजी शासन काल के समय से चले आ रहे भारतीय दंड विधान को बदलकर भारतीय न्याय संहिता लागू कर दिया गया है। सोमवार से लागू हुए इस नए नियम को लेकर एसडीओपी मनोज मिश्रा के नेतृत्व में शहर थाना, देहात थाना और त्योंदा थाने में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शहर थाना टीआई संजीव चौकसे, देहात थाना टीआई हरिकिशन लोहिया, त्योंदा टीआई मांगीलाल भाटी सहित अभिभाषक संघ अध्यक्ष संजीव चौहान, अधिवक्ता अभिषेक रघुवंशी, रजनीश जैन, प्रदीप लाहौरी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने लोगों को नए कानून की जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियो एवं अभिभाषकों ने लोगों को बताया कि नए कानून से सिर्फ धाराओं में ही बदलाव नहीं होगा, बल्कि फरियादियों को भी रिपोर्ट दर्ज कराने में काफी सुविधा होगी और उनकी रिपोर्ट पर कार्रवाई भी शीघ्र सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पत्रकार, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शार्ट नोट एवं वीडियो किल्पिंग के माध्यम से जानकारी दी गयी और विचार विमर्श किया गया।





### देशी कट्टे सहित पकड़ाया युवक

**गंजबासौदा।** सोमवार को रेलवे सुरक्षा बल ने एक युवक को देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस के साथ पकडा है। जिसे जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोलुआ पुरा मुरैना निवासी धर्मेन्द्र उर्फ मोंटू बघेल एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस लेकर ग्वालियर से बीना आया था, लेकिन गलत ट्रेन में बैठकर बासौदा आ गया। जहां वह प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहा था, तभी आरपीएफ चौकी प्रभारी राहुल यादव, एके मिश्रा और आरक्षक मोहम्मद वसीम ने उसे पकड लिया। बाद में उसे जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। जहां चौकी प्रभारी किशोर सिंह सिसौदिया द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

## परमात्मा पर जीवन अर्पण करने से बड़ा भाग्य कुछ नहीं हो सकताः रेखा दीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा ब्रह्माकुमारी अनु बहन के अलौकिक समर्पण दिवस की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई। जिसमें ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्ष 1937 में ब्रह्माकुमारीज की नींव रखी गई। तब से लेकर अब तक 87 वर्ष में संस्थान में 50 हजार ब्रह्माकुमारी बहनों ने अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया है। ये बहनें तन-मन-धन के साथ समाजसेवा, विश्व कल्याण और सामाजिक, आध्यात्मिक सशक्तिकरण के कार्य में जुटी हैं। संस्थान द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष को 12 विभिन्न जोन में बांटा गया है। इन जोन में एक मुख्य निदेशिका और फिर स्थानीय सेवाकेंद्र में जिला स्तर पर मुख्य निदेशिका होती हैं जो अपने-अपने जिलों में सेवाएं देती हैं। शुरुआत में नई बहनें बड़ी बहनों के मार्गदर्शन में रहती हैं फिर उन्हें नया सेवाकेंद्र खोलने की अनुमति प्रदान की जाती है। अनु बहन के समर्पण दिवस को याद कर मन खुशी से झूम रहा है। ये बहन बहुत भाग्यशाली हैं। जीवन में अपने कर्मों से समाज में नए उदाहरण प्रस्तुत करें। अपना जीवन परमात्मा पर अर्पण करने से बड़ा भाग्य कुछ नहीं हो सकता है। आपकी वाणी दुनिया के कल्याण का माध्यम बने। आपका एक-एक कर्म उदाहरणमूर्त हो। धरती से अंधकार मिटाने और ज्ञान प्रकाश फैलाने में शिव की शक्ति, भुजा बनकर, साथी बनकर सदा जीवन में आगे बढ़ते रहें। ब्रह्माकुमारी रुक्मणि दीदी ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा कि जीवन वही श्रेष्ठ है जो प्रभु के नाम समर्पित हो जाये। विश्व कल्याण के लिए इस बहन ने जो अपना सर्वस्व ईश्वर के प्रति समर्पित किया है इससे महान कार्य और कुछ भी नही हो सकता। मुझे खुशी होती है यह देखकर कि आज के मॉडर्न युग मे भी ये बहन दुनिया की चकाचौंध को छोड़ आध्यात्मिकता में अपनी रुचि रखे हुए हैं। धन्य है ऐसे माता पिता जो इन जैसी कन्याओं को जन्म दिया। इस देश को श्रेष्ठ बनाने के लिए विकारों रुपी दुर्गुणों से स्वयं मुक्त होकर अनेकों को मुक्ति प्राप्त कराने के लिए अनु बहन ने अपना जीवन प्रभु को अर्पित किया है तो यह बहुत बड़ा कार्य है। बाल अवस्था में कन्याएं श्रेष्ठ संस्कारों से युक्त होकर ब्रह्माकुमारी की शिक्षाओं का पालन कर रही है। यह ब्रह्माकुमारी बहने अपनी शिक्षा पूर्ण कर ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नियमों के पालन करते हुए माता-पिता की स्वीकृति प्राप्त कर समाज कल्याण के लिए अथक रूप से अपना योगदान दे रही है। यह अलौकिक समर्पण एक तरह से अलौकिक विवाह की तरह होता है जिसमे परमपिता परमात्मा शिव को साक्षी मानकर ब्रह्माकुमारी बहने अपना जीवन भगवान शिव को अर्पित करती है। इस मौके पर मनीषा दीदी ने भी अपने आशीर्वचन रखे और साथ-साथ सभी मेहमानों का शब्दों के माध्यम से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा अगर हम अपने समय व शक्ति को मानव की भलाई के कार्य मे लगाएं तो हमारा जीवन आनन्द से भरपूर हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### नेत्र शिविर आज होगा आयोजित

**गंजबासौदा।** पिंगले सेवा संस्थान एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। बजरंग दल द्वारा देश भर में चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में 2 जुलाई को सुबह 10 बजे मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें नेत्र रोगों से ग्रसित व्यक्ति सद्गुरु ट्रस्ट के चिकित्सक डॉ राजकरण वर्मा से अपना परीक्षण कराके शिविर का लाभ उठा सकेंगे।

### करंट प्रवाहित खंभे से बांध गए पॉलीथिन

**गंजबासौदा।** ग्राम घटेरा में पिछले दो-तीन दिन से एक खंबे में करंट आ रहा है जिससे दो मवेशी करंट लगते लगते बच गए और गांव के कुछ रहागीर भी करंट लगने से बच गए। लोगों ने शिकायत की तो लाइनमेन उक्त खंबे पर चढ़ा और लाइन में पॉलिथीन बांधकर नीचे उतर आया। इसके बाद भी खंबे से करंट प्रवाहित लगातार हो रहा है।

# चिकित्सा दिवस पर किया चिकित्सकों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश राजेंद्र चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने संगठन द्वारा किए जा रहे सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। इस तरह के आयोजन समय पर होते रहना चाहिए। इस मौके पर सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी संगठन द्वारा जन सेवा और मानव अधिकारों के जागरूकता के प्रयास और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है सेवा भावी चिकित्सकों का सम्मान करना ही सेवा का सम्मान है। इस दौरान समाजसेवी डॉ विमलचंद ओसवाल, डॉक्टर पीके जैन, डॉक्टर एसएस भार्गव, संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ एके जैन ,डॉक्टर अफसाना मंसूरी, डॉक्टर सृष्टि भार्गव, डॉक्टर शोभन सिंह यादव, डॉक्टर एस सेन, डॉक्टर सुशील खरे को मंचासीन अतिथियों ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गरिमामय आयोजन में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के मौके पर अतिथियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, सिरोंज के वरिष्ठ पत्रकार राजीव जैन ,समाजसेवी प्रवीणा जैन, सरिता रघुवंशी, प्राचार्य कविता अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य प्रयाग नारायण भार्गव , प्राचार्य बृजेश रघुवंशी, शिक्षाविद निर्मल कुमार जैन,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, हरी बाबू अग्रवाल, रंजीत पंथी ,अनिल शर्मा ,मनोहर कर्मी सहित गणमान्य नागरिक और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने किया। अंत में सभी का आभार संगठन के जिला अध्यक्ष गणेशाराम रघुवंशी ने माना।

### नए कानून में एक प्रकरण दर्ज

**गंजबासौदा।** नए कानून में हुए बदलाव से आज गंजबासोदा के देहात थाने में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 281, 125 ए बीएनएस 184 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जिसमें फरियादी अमित श्रीवास्तव निवासी राजेंद्र नगर गली नंबर 2 ने रिपोर्ट कराई है कि रेनॉल्ट सिल्वर कलर के फोर व्हीलर वाहन के चालक ने उन्हें लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। इस मामले में आज नवीन धाराओं के तहत देहात थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### दीक्षा आरंभ समारोह आयोजित हुआ



**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 1 जुलाई को तीन दिवसीय दीक्षा आरंभ समारोह का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिवस के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण में विद्यार्थियों को इस महाविद्यालय के विभिन्न पक्षों का परिचय दिया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ धीरेंद्र पटेल दिया विद्यार्थियों को संस्थान का परिचय दिया गया और उसका विजन प्रस्तुत किया गया। विज्ञान संकाय एवं कला संकाय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का परिचय दिया गया। सहायक प्राध्यापक मनीष दुबे एवं सुमन विश्वकर्मा द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शैक्षणिक संरचना और परीक्षा प्रणाली को विस्तार पूर्वक विद्यार्थियों को समझाया गया। इसके बाद कुछ विद्यार्थियों को पुस्तकालय का भी भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के अंत में नव प्रवेश विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। दीक्षा आरंभ समारोह के प्रथम दिवस में स्नातक कला संकाय के 155, स्नातक विज्ञान संकाय के 110, स्नातकोत्तर कला संकाय के 55 और स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के 40 विद्यार्थी शामिल हुए।

# दिन में रह रहकर होती रही बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत शाम को आसमान पर छिटपुट बादल छाने के बाद देर रात से ही आसमान पर गहरी घटाएं छाने लगी थीं। जिनसे सोमवार को नगर सहित इलाके भर में रह रहकर बारिश होती रही। इस दौरान कहीं तेज बौछारें पडीं तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। इस बारिश से किसानों को काफी राहत मिल गई है। वहीं नागरिकों को भी गर्मी एवं उमस से राहत मिल गई है। हांलाकि खबर लिखे जाने तक भी आसमान पूरी तरह से बादलों से ढंका हुआ है और रात में भी अच्छी बारिश की संभावना है। दूसरी ओर शनिवार रविवार की रात हुई 10 मिमी बारिश को मिलाकर इलाके में अभी तक 86 मिमी पानी ही बरसा है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में 186 मिमी पानी बरस चुका था। इस लिहाज से इस वर्ष कम बारिश हुई है। उधर इलाके के मौसम का हाल बतान `वाली वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में भी अच्छी बारिश होने की संभावनाएं व्यक्त की हैं।

## निरक्षरों को साक्षर करने बनाए जाएंगे चेतना केंद्र

# नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का प्रशिक्षण संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश के समस्त जिलों में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वयस्क व्यक्ति जो औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाए एवं औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने की उम्र पार कर चुके हैं, उनकी निरक्षरता उन्मूलन हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के अनुसार वर्ष 2022 से 2027 तक के लिए 'उल्लास- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य निरक्षर असाक्षरो मे मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक समझ विकसित करना है। इसी कार्यक्रम को जन जन तक पहुंचाने विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय जन शिक्षको एवं सह समन्वयको का प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी कपिल तिवारी ने बताया 15 वर्ष से अधिक आयु समूह के समस्त असाक्षर जिन्हे बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान नही है उनके लिए यह कार्यक्रम गांव गांव मे चलाया जा रहा है । बीऐसी अभिषेक माथुर , राजकुमार पंथी, भगवती देवी रघुवंशी, साक्षरता समन्वयक अफजल हुसैन रिजवी ने सभी जनशिक्षक, सह समन्वयक से आह्वान किया सभी सहयोगी व समर्पित भाव से इस राष्ट्रीय कार्य मे जुट जाऐ और संपूर्ण भारत को 2027 तक निरक्षरता के कलंक से मुक्ति दिलाऐं। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया हर ग्राम हर वार्ड में असाक्षरों की नामजद जानकारी, पठन पाठन, कक्षा संचालन एवं परीक्षा आदि हेतु निर्धारित स्थान को सामाजिक चेतना केंद्र नाम दिया गया है। प्रदेश में प्रत्येक ग्राम/वार्ड के विद्यालय के एक कक्ष को सामाजिक चेतना केन्द्र बनाने के निर्देश हैं। उक्त केंद्र के नोडल अधिकारी उस विद्यालय के प्रधानाध्यापक या प्राचार्य होंगे। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत भवन, आँगनबाड़ी केन्द्र, शासकीय भवन आदि को प्राथमिकता दी जा सकती है। केन्द्रों के संचालन में आवश्यक सामग्री लाइट, पंखे, बैठक व्यवस्था ,डेस्क, दरी पेयजल, पठन पाठन सामग्री तथा चॉक, डस्टर चार्ट आदि की व्यवस्था शाला में उपलब्ध सामग्री में से की जाएगी। नोडल अधिकारी राज्य शासन एवं भारत सरकार की सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी हेतु ग्राम स्तर के सभी विभागों के कर्मचारियों से समन्वय कर केंद्र में दर्ज असाक्षरों को योजनाओं से अवगत कराएंगे।

# दयोदय गोशाला परिसर में रोपे गए 5 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पौधरोपण अभियान 3.0 के तहत प्रारंभ किए गए जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम में सोमवार को श्रमदान दल द्वारा मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के 58 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में तीन पौधे, तो वेदांत एवं ग्रंथ भार्गव शिवपुरी के जन्म दिन में उपलक्ष्य में दो पौधे बर्री घाट रोड स्थित दयोदय पशु सेवा सदन गौ शाला परिसर में रोपे गए। पर्यावरण संरक्षण एवम संवर्धन के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम को श्रमदान दल जन सहयोग से संचालित कर रहा है। लोगों को पर्यावरण से जोड़ने के लिए तैयार किए गए इस अनूठे कार्यक्रम में दल के सदस्य पौधे के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड की राशि जन सहयोग से एकत्रित कर रहे हैं जबकि पौधा लगाने और हाईब्रिड पौधे की राशि दल के सदस्यों द्वारा वहन की जा रही है। सोमवार को मुनि श्री प्रमाण सागर जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रोपे गए तीन पौधों के लिए सहयोग राशि वीरेंद्र जैन रुचिला, अमित जैन संस्कृति ज्वेलर्स एवम किराना व्यापार संघ से प्राप्त हुई, तो वेदांत और ग्रंथ भार्गव के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में रोपित दो पौधों की सहयोग राशि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी अभिषेक भार्गव, शिवपुरी द्वारा प्रदान की गई। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मौजूद गौ शाला के पदाधिकारी बिपिन जैन द्वारा बताया गया कि मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के 58 वे जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गौ शाला परिसर में 500 फलदार पौधे रोपित किए जाने हैं। जिसकी शुरुआत आज से की गई है तो गौ शाला समिति के अध्यक्ष आनंद मोदी ने कहा कि हर वर्ष धरती का तापमान बढ़ता जा रहा है यदि हम लोग जागरूक नहीं हुए तो तापमान को 50 पार होने में देर नहीं लगेगी इसलिए हर व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे। कार्यक्रम के अंत में किराना व्यापार संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन रुचिला ने श्रमदान दल के कार्यों की सराहना की और लोगों को जन जन विशेष पौधरोपण कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की। तो दल के सदस्यों ने मंगलवार के पौधरोपण की जानकारी साझा की। मंगलवार सुबह श्रमदान दल द्वारा प्रवीणा जैन धर्म पत्नी डॉ एके जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कमलदीप एकेडमी सिरोंज वायपास पर एक पौधा रोपित किया जाएगा। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों के अलावा विपिन जैन , वीरेंद्र जैन रुचिला, आनंद मोदी, अपूर्व जैन के साथ गौ शाला के सेवादार भी मौजूद रहे।

### एसडीएम व मंडी प्रशासक बोले व्यापारियों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

# कृषि मंडी से किसानों की उपज को ले जा रहे बाहर, निजी वेयर हाउसों पर की जा रही तुलाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कृषि उपज मण्डी में किसान अपनी उपज बेचने के बाद परेशान हो रहें है। क्योकि जब किसान अपनी उपज को व्यापारी को बेचकर व्यापारी के पास जाते है तो व्यापारी किसान की उपज मण्डी को प्रांगण में नही तौलकर अपने निजी वेयर हाऊस में किसानों की फसल की तौल कराने ले जाते है। तो वही किसान बेबस हो जाता है व्यापारी अपने वेयर हाऊस पर जब किसान की उपज को तौलते है तो व्यापारी द्वारा किसानो के साथ गलत व्यवहार किया जाता है।

किसान जब व्यापारी के इस व्यवहार से दुखी होकर जब वह कृषि उपज मण्डी के अधिकारी कर्मचारी से शिकायत करने पहुचता है तो मण्डी कर्मचारियो द्वारा किसान की एक बात भी नही सुनी जाती। किसान मजबूरी में मायूश होकर वापस लौट जाता है। इन सब व्यवहार से किसान अपनी उपज को सिरोंज मण्डी में लाने के लिए घबडानें लगा है और वह किसान अपनी उपज बासौदा मण्डी सहित अन्य मण्डी में ले जाने को विवश हो गया है। कृषि उपज मण्डी प्रांगण में तौल के लिए यह नियम - कृषि उपज मण्डी समिति के नियम अनुसार धारा 6 के प्रावधान अनुसार अधिसूचित मण्डी प्रागण में ही किसानो की तौल होगी। इसका यदि कोई व्यापारी उल्लंघन करता है तो मण्डी शुल्क अपवचन अवैध व्यापार की ऋणी में आता है जिसमें अधिनियम के प्रावधान अनुसार इसमें न्यायिक कार्रवाई एवं दो वर्ष का कारावास और लाईसेंस निरस्त करने की कार्यवाही के साथ 5 गुना मण्डी शुल्क वसूल करने का प्रावधान है। लेकिन मण्डी व्यापारियो व मण्डी अधिकारी, कर्मचारी इन धाराओं की धज्जिया उडाकर कुछ व्यापारियो को किसान की उपज मण्डी प्रांगण से 3 से 5 किलो मीटर दूर तौल के लिए ले जाया रहा है।

#### मंडी कर्मचारी इन नियमों को भी रखते है ताख में

सिरोंज मण्डी में पदस्थ अधिकारी,कर्मचारी कोई भी नियमों का पालन नही करतें। इनके सामने से ही उपज बाहर अन्य जगह तुलाई के लिए जाती है। वह मण्डी कर्मचारी मूर्ति की तरह खडें होकर देखते रहते है। मण्डी कर्मचारियों ने व्यापारियो का सितम्बर 2023 से 15 जून 2024 तक का लेखाजोका भी नही देखा। कृषि उपजों में मण्डी समिति में क्रय विक्रय का मिलान,डाक पंजी,तौल पर्ची,विक्रय अनुमन,भुगतान पर्ची का मिलान करने पर बाहर की गई। विक्रय की अवैध कृषि उपज और बगैर मण्डी शुल्क की निर्यात की विक्रय अननियत की गई हजारो क्वंटल कृषि उपजां का व्यापार करने वाले व्यापारियो की मण्डी समिति के कर्मचारियो की मिलीभगत पकड में आ जाएगी। शासन को लाखों रूपये का मण्डी शुल्क में नुकसान हुआ है। उक्त जानकारी से स्पष्ट जांच सामने आ जाएगी।

#### एसडीएम करते रहे प्रयास

कृषि उपज मण्डी के प्रशासक एंव एसडीएम हर्षल चौधरी ने कृषि उपज मण्डी के विकास एंव किसानो की उपज की सही तौल व सम्मानीय तरीके से किसान का तौल का पैसा सम्मान के साथ किसानो को दिलाना का प्रयास करते है और समय समय पर उन्होने व्यापारियो,तुलावटो,मण्डी कर्मचारियो की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। जिससे कि किसानो को किसी भी प्रकार की कोई परेशान न आए। कई बार उन्होने आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही मण्डी कर्मचारियो को सख्त निर्देश दिए। एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रयास किया कि कृषि उपज मण्डी सिरोंज में ज्यादा से ज्यादा किसान अपनी उपज लेकर आए।

#### व्यापारियों द्वारा दिलवाई गई धमकी

*पिछले दिनों किसानो की उपज को मण्डी प्रांगण से बाहर ले जाने को लेकर मीडियाकर्मियो द्वारा समाचार प्रकाशित किए गए। इस पर कुछ व्यापारियो ने अपने रिश्तेदारो द्वारा व्यापार संघ, तुलावट संघ के अध्यक्षो व मण्डी समिति के सचिव पर दबाव बनाया। जो कि शहर में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।*

#### इनका कहना है

जो व्यापारियो किसानों की उपज को मण्डी प्रांगण से बाहर ले जाकर तौल करा रहें है। उन व्यापारियो को अंतिम बार दूसरा मौका व नोटिस दिए है। यदि इसके बार भी व्यापारी किसान की उपज को मण्डी से बाहर ले जाकर तौल करतें है तो ऐसे व्यापारियो को निलामी से वंचित कर लाईसेंस निरस्त की कार्यवाही की जाएगीं।

**रमेश चंद अहिरवार,** प्रभारी सचिव, कृषि उपज मण्डी सिरोंज

#### इनका कहना है

कृषि उपज मण्डी समिति में नियमो के अंतर्गत कार्य किया जाएगा। किसान की उपज को मण्डी प्रागण में ही नियम अनुसार तौला जाएगा। जो व्यापारी किसानो की फसल को मण्डी से बाहर ले जाकर तौल रहें है उक्त व्यापारियो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। दवाब का कोई प्रश्न ही नही उठता।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम एंव मण्डी प्रशासक सिरोंज

### जिला मीडिया इंचार्ज बने

## राजीव जैन सैनानी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज के वरिष्ठ समाजसेवी एंव मध्यप्रदेश शासन के अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी का मानव अधिकार सुरक्षा एंव स्वास्थ्य संगठन भारत के अंतर्गत प्रदेश इकाई द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उत्कृष्ट सम्मान के रूप में सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सत्र न्यायधीश राजेन्द्र चौरसिया इंदौर एंव कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका गंज बासौदा अध्यक्ष शशि अनिल यादव के अलावा विशेष अतिथि के रूप में मानव अधिकार सुरक्षा एंव स्वास्थ्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एंव शिकायत आयोग के सदस्य डॉ ए.के जैन की उपस्थिति में राजीव जैन सैनानी का उनकी द्वारा की गई सेवाओं को लेकर सम्मान किया गया। साथ ही अतिथिओं द्वारा राजीव जैन सैनानी को मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन का जिला विदिशा का मीडिया इंचार्ज के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला सत्र न्यायधीश राजेन्द्र चौरसिया ने अपने उद्बोधन मे समाजसेवा को सर्वोपरि बताते हुए अपने जीवन काल के स्मरण सुनाए। उन्होने डॉक्टर डे की पूर्व संध्या पर डॉक्टरों का सम्मान करते हुए कहा कि भगवान का दूसरा रूप डॉक्टर है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति शशि अनिल यादव ने समिति द्वारा किए जा रहें समाज सेवा के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि मानव धर्म ही समाज सेवा है। उन्होंने अपने द्वारा किए जा रहें सामाजिक कार्यो को याद किया। साथ ही प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार लेखक स्व अनिल यादव के स्मरणो को भी याद करते हुए कहा कि स्व यादव के बताए हुए रास्तो व आदर्श पर ही में गंज बासौदा का विकास कर रही हूं। वही उन्होंने समिति द्वारा आयोजित नेत्र व स्वास्थ्य शिविर जैसा सामाजिक कार्या की प्रशंस्सा की।

वही समिति के प्रदेश अध्यक्ष एंव आयोग के सदस्य डॉ ए के जैन समिति द्वारा किए जा रहें उत्कृष्ट कार्यो की जानकारी दी एंव उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों, समाजसेवियों, गोसेवकों, रक्तदान करने वाली महिला मंडल का सम्मान करते हुए उनकी सेवाओं के बारे में जानकारी दी। वही राजीव जैन सैनानी ने अपनी पत्रकारिता क्षेत्र के गुरु अनिल यादव को याद करते हुए उनके स्मरणों को याद किया। इस अवसर पर सिरोंज टीम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए के जैन का भी सम्मान किया गया। सम्मान करने वालो में प्रमुख रूप से राजीव जैन सैनानी पत्रकार, राजेश पटेश,सौरभ साहू,संजीव जैन उपस्थित रहें। वही पत्रकार राजेश पटेल ने संगठन की सेवाओं को सर्वोपरि बताते हुए कुपोषित बच्चों पर किए कार्यो की जानकारी दी। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ विमल चन्द्र ऑसवाल,जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी,डॉ पीके जैन,डॉ एस.एस भार्गव,इंजीनियर निर्मल जैन उपस्थित रहें। तो वही कार्यक्रम का संचालन सुनील टिंगलें द्वारा किया गया।

### ढाबा से अवैध शराब की जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**सागर।** अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में ग्राम गड़ा डोंगरी स्थित अंश ढाबा से आरोपी ढाबा संचालक जयसिंह, तनय, रामसिंह ठाकुर के कब्जे से बीयर, व्हिस्की एवं देशी मदिरा मसाला कुल 54.84 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### अधिकारियों को प्रशिक्षण 3 जुलाई से दिया जाएगा

**सागर।** कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार लोक सेवा गांरटी अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम 3 जुलाई से 5 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें संबंधित समस्त अधिकारी उपस्थित होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लोक सेवा गारंटी अधिनियम /समाधान एक दिवस अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण संबंधी चर्चा होगी एवं उक्त प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र सागर में दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक चलेगा।

### रोजगार मेलों से होगी 500 सुरक्षा गार्डों की भर्ती

**सागर।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले में रोजगार मेलो का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा एजाइल सिक्योरिटी फॉर्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय रोजगार मेलो का आयोजन 2 जुलाई जनपद पंचायत वीना, 3 जुलाई जनपद पंचायत खुरई, 4 जुलाई जनपद पंचायत मालथोन, 5 जुलाई जनपद पंचायत राहतगढ़, 8 जुलाई जनपद पंचायत जैसीनगर, 9 जुलाई जनपद पंचायत रहली, 10 जुलाई जनपद पंचायत देवरी, 11 जुलाई जनपद पंचायत केसली, 12 जुलाई जनपद पंचायत बांडा, 15 जुलाई आजीविका भवन, उद्योग विभाग के सामने सागर, सभी विकासखंडो में किया जा रहा है 18 से 37 वर्ष के बेरोजगार युवाओ को रोजगार के अवसर देने के लिए मेलो से उक्त एजेंसी द्वारा सुरक्षा गार्ड के पदों पर 500 युवाओं का चयन किया।

### लोधी समाज का सातवां राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान सामारोह संपन्न

## बच्चों को सही राह दिखाना राष्ट्र निर्माण का कार्य है: धर्मेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

लोधी क्षत्रिय समाज का सातवां राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को मोतीनगर थाना चौराहा स्थित पदमाकर सभागार में लोधी, लोधा, लोध अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक संघ) के बैनर तले आयोजित किया गया। जिसमे देशभर से आई सैकड़ों छात्र प्रतिभाओं, नवनियुक्त एवं सेवानृवित अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी नें सम्बोधित करते हुए कहा कि भावी पीढ़ी को सही दिशा देना ही सबसे बढ़ा राष्ट्र निर्माण का कार्य है, जो लोग इस सभागार में बैठे है और प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभाओं के सम्मान कार्य में सहयोग किये है यह सबसे बड़ी देश भक्ति है। उन्होंने हरिवंशराय बच्चन जी की पंक्तियों को दोहराते हुए कहा कुछ किये बिना जय जयकार नही होती और कोशिश करने बालों की कभी हार नही होती।




पूर्व विधायक व मंत्री दर्जा प्राप्त प्रदुमन सिंह लोधी नें शिक्षा पर जोर देते हुए कहा विद्यार्थियों के उत्सावर्धन हेतु इस तरह के प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाईड कार्यक्रम होना अवश्यक है, जो सागर की आलोक व लोधी समाज जिला महासभा भलीभांति कर रही है। बंडा विधायक वीरेन्द्र सिंह लोधी नें अपनी बात रखते हुए कहा समाज को अन्धविश्वास व कुरीति मुक्त बनाने के लिए शिक्षा के महत्व को समझना आवश्यक है।

सागर विधायक शैलेन्द्र जैन नें कहा सागर में लोधी समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन समाज विकास में मील का पत्थर सावित होगा। जीएसटी कमिशनर लोकेश लिल्हारे नें प्रतिभाओं को प्रेरित करते हुए कहा बिना छेनी हथोड़ा चले कोई पत्थर मूरत का रूप नही लेता और जब तक पत्थर मूर्ति का रूप नही लेगा तब तक उसकी पूजा नही होती। छात्रों को इस बात को ध्यान में रखते हुए पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई कर आगे बढ़ने की जरूरत है। साढ़े पांच सौ से अधिक रजिस्टर्ड प्रतिभाओं को पगड़ी बाँधकर प्रसश्तीपत्र, प्रतीक चिन्ह तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आलोक संघ का प्रादेशिक अधिवेशन एवं जिला कार्यकारणी का चुनाव भी साथ में किया गया, जिसमे आलोक संघ का सागर का नया जिला अध्यक्ष राजकुमार लोधी को बनाया गया।

कार्यक्रम में आलोक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिगपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष आर एस लोधी, जिला अध्यक्ष एन एस ठाकुर सहित दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, छत्तीशगढ, महाराष्ट, उत्तराखंड, पंजाब इत्यादि राज्यों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए, संचालन अंकित लोधी, कामनी, डॉ. दिलीप सिंह इत्यादि नें बारी-बारी से किया। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के पूजन व सरस्वती वंदना से तथा, समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।




## तीन नए कानूनों को लेकर हुआ पुलिस विभाग का जनसंवाद कार्यक्रम

**गढ़ाकोटा।** देश भर में 1 जुलाई से लागू होने वाले 3 नये कानूनों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सागर जिले के गढ़ाकोटा में थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे द्वारा भी रहली एसडीओपी प्रकाश मिश्रा की मौजूदगी में स्थानीय सुशीला भार्गव मैरिज हाल में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कपिल पांडेय लोक अभियोजन अधिकारी, ऋषि गौतम तहसीलदार, डॉ सुयश सिंघई ब्लाक चिकित्सा अधिकारी, ओपी अग्रवाल जे.ई विद्युत मंडल जमील कुरैशी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, अभिनव दिवाकर रेंजर, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ए.के सिंन्हा, जनभागीदारी समिति के शमिक शर्मा मौजूद रहे। ओर जन संबाद कार्यक्रम हुआ, जिसमें अतिथियों द्वारा क्रमशः तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बताया गया। नए कानून के तहत सीआरपीसी में जहां कुल 484 धाराएं थीं, वहीं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में 531 धाराएं की गईं हैं। अब कोई भी नागरिक अपराध के सिलसिले में कहीं भी जीरो एफआईआर दर्ज करा सकेगा। अब नये कानून के तहत अब बुजुर्गों, दिव्यांगों महिलाओं को थाने के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, स्व-सहायता समूह, अधिवक्ता, महाविद्यालय प्राचार्य, शिक्षक, शांति समिति के सदस्य, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ स्कूली एवं कालेज छात्र छात्राएं व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन हिमानी दुबे के द्वारा किया गया।

## स्कूल, कॉलेज के आस पास होगी पुलिस की विशेष पेट्रोलिंग, एनकॉर्ड समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नारकोटिक्स और अन्य नशीली दावों की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के लिए शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक कलेक्टर दीपक आर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं प्रवृत्तियों के बारे में समय पर सूचना के आदान-प्रदान, जिले में अफीम, भांग आदि मादक पदार्थों की फसल की अवैध खेती की निगरानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए। कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि जिले में मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू करें मादक पदार्थों का पता लगाने के लिए उपकरणों की आवश्यकताओं का आंकलन कर लें तथा इसकी व्यवस्था के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में नशा मुक्ति तथा पुनर्वास केंद्रों का समय-समय पर पर्यवेक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि स्कूल कॉलेजे के आसपास पुलिस की पेट्रोलिंग होती रहे। विशेष रूप से स्कूल खोलने तथा बंद होने के समय पेट्रोलिंग अवश्य की जाए उन्होंने निर्देश दिए के गुटका, पान दुकान के आसपास सामाजिक तत्वों का जमावड़ा ना रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार दवा दुकानों में लाइसेंस होल्डर ही दुकान पर उपस्थित हो। ऐसी दुकानें जहां कुछ विशेष दवाइयों की बिक्री ज्यादा है वहां कैमरा इंस्टॉल कर निगरानी रखी जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव उईके ने कहा कि ऐसे प्रकरण जो क्रॉस स्टेट संबंधी हों उनकी जांच की प्रगति की निगरानी करें। साथ ही स्कूल कॉलेज आदि में नशीली दावों के दुरुपयोग विरोधी जागरूकता को बढ़ावा दें।

एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों तथा दवाओं के हानिकारक प्रभावों, मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।उईके ने कहा कि निरीक्षण के दौरान संबंधित थाना क्षेत्र की टीम भी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर व बस के आपस में टकराने से कई लोग घायल

**गौरझामर।** नेशनल हाईवे 44 पर सागर की ओर से आ रहे ईटों से भरे दो ट्रैक्टर आपस में टकरा गए एवं पीछे से बस भी टकरा गई जिससे यात्रियों में अपरा तफरी मच गई। जानकारी लगते ही गौरझामर पुलिस से डायल 100 एवं 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को निकाल कर अस्पताल के लिए भिजवाया । बता दे की वाहन के दबाव के कारण वाहनों का प्रतिदिन बढ़ाना एवं फोरलेन लाइन को बढ़ाकर सिक्स लाइन करने के लिए लोगों ने कई बार मांग उठाई है ।

### गिरधारीपुरम सड़क चौड़ीकरण के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का महापौर प्रतिनिधि ने जताया आभार

**सागर।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भोपाल में महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने भेंट की। मंत्री के निर्देश के बाद तिली चौराहा- गिरधारीपुरम सड़क का निर्माण 10 की जगह 18 मीटर चौड़ी सड़क के रूप में शुरू होने पर उनका आभार भी जताया। उनके द्वारा इंदौर में 51 लाख पौधे लगवाने की मुहिम को पुण्य कार्य बताते हुए उन्हीं की प्रेरणा से सागर में भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण कराने की जानकारी दी।साथ ही खेल परिसर के सामने निर्मित नगर निगम की नई बिल्डिंग का लोकार्पण अपने कर कमलों से करने का आग्रह करते हुए सागर आने के लिए आमंत्रित भी किया।

## नगर की सड़कों के किनारे और खाली पड़ी शासकीय भूमि पर अब फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

अब शहर की सड़कों के बाजू में खाली पड़ी शासकीय भूमि पर नगर निगम हरे-भरे और फलदार पौधे लगाने की पहल शुरू करने जा रहा है ताकि पौधों के बड़े होने पर वे पर्यावरण के लिए उपयोगी हों । इस पहल का निरीक्षण करने सोमवार को प्रातः नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री एवं समाजसेवी और स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर प्रकाश चौबे ने होमगार्ड के सामने सड़क किनारे खाली पड़ी भूमि, पीली कोठी से सिविल लाइन और सिविल लाइन चौराहा से तिली चौराहा तक मार्ग के आजू-बाजू में खाली पड़ी भूमि का जायजा लिया



और फलदार पौधे लगाने के संबंध में आवश्यक तैयारियां करने की पहल शुरू करने के संबंध में चर्चा की।

पहल शुरू करने के पहले निगमायुक्त ने पैदल चलकर जन सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दुकानदारों और रहवासियों को पौधे लगाने की जानकारी देते हुए उन्हें बताया कि वह भी अपने आसपास लगने वाले पौधे को गोद ले सकते हैं और पौधे को बड़ा होने तक उसकी देखभाल करें तथा उसको समय-समय पर पानी देते रहें ताकि वह पौधा बड़ा होकर पर्यावरण के लिए उपयोगी बने । आईजी बंगला के बाजू में खाली पड़ी भूमि से खरपतवार हटाकर और भूमि को समतल करके आवश्यकतानुसार वहां पर भी पौधे लगाकर बैठने के लिए बेंच, कुर्सी लगाई जाएंगी । निगमायुक्त ने सांची दूध पार्लर एवं शराब दुकान के पास गंदगी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### संतुष्टि पूर्ण सीएम हेल्पलाइन का निराकरण न करने वाले अधिकारियों का न हो वेतन आहरितः कलेक्टर

**सागर।** संतुष्टि पूर्ण सीएम हेल्पलाइन का निराकरण न करने वाले अधिकारियों का वेतन आहरित न किया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक ने समय सीमा बैठक में दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर गगन बिसेन,डिप्टी कलेक्टर भव्या त्रिपाठी सहित समस्त जिलाधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर दीपक आर्य ने समय सीमा बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी संतुष्टि पूर्ण सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण करें और यदि ऐसा नहीं होता है तो उनका जुलाई माह का वेतन आहरित न किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागों के सीएम हेल्पलाइन की लंबित प्रकरणों का संतुष्टि पूर्ण निराकरण करें और आवश्यकता पड़ती है तो उससे व्यक्तिगत संपर्क करें। उन्होंने कहा कि यह सारी प्रक्रिया 20 जुलाई के पूर्व पूर्ण करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए सभी अस्पतालों एवं ग्राम पंचायत में शिविर लगायें और अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाएं।

### टीएल बैठक में की सीएम हेल्पलाइन व विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

# देश में लागू हो गए नए कानून के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन, वृहद पौधरोपण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ कलेक्टर ने कहा कि भारतीय दण्ड संहिता 1860, दण्ड प्रक्रिया संहिता 1975 तथा इडियन एवीडेन्स एक्ट 1872 अब एक जुलाई 2024 से नवीन स्वरूप में लागू हो गए हैं। जिसमें न्याय और नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा को महत्व दिया है। सभी अधिकारियों को नवीन कानून व्यवस्था तथा धाराओं के बारे में जानकारी होना जरूरी है।

कलेक्टर ने जिले में वर्षा ऋतु में वृहद पौधरोपण अभियान हेतु की जा रहीं तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सम्पूर्ण जिले में लगभग 20 लाख से अधिक पौधों का रोपण होना हैं, इसमें सभी विभाग अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। शासकीय भवनों के परिसरों में, नदी-तालाबों के किनारे, ग्राम पंचायतों में रिक्त शासकीय भूमि आदि जगहों पर पौधरोपण कराएं। किसानों को भी अपने खेतों में पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियों को प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने उप संचालक कृषि से खरीफ फसलों की बोनी की स्थिति, उर्वरकों की उपलब्धता तथा किसानों को वितरण की जानकारी ली।



#### कानूनों के नवीन स्वरूपों की अधिकारियों को दी जानकारी

बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल ने जिला अधिकारियों को विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई से देश में अनेक कानून नए स्वरूप में लागू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनियम में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून के नए स्वरूप में दण्ड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ाने तथा भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा को महत्व दिया है। उन्होंने बताया कि नागरिकों को नवीन कानूनों की जानकारी देने के लिए जिले के सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप की जानकारी देने मोबाइल एप एसीआरबी संकलन ऑफ क्रिमिनल लॉ मोबाईल एप बनाया है। बैठक में पीपीटी के माध्यम से कानून व्यवस्था के नवीन स्वरूपों तथा धाराओं के बारे में विस्तार से बताया गया। सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिलावटी खाद्य सामग्री पर नहीं लग रहा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



यूं तो प्रदेश के साथ ही जिले भर में भी शुद्ध के लिए युद्ध अभियान छेड़ने का दावा किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि मिलावटी खाद्य सामग्री, मिठाई, नकली मावा और घी आदि की बिक्री पर कोई अंकुश नहीं है।

खाद्य पदार्थों की ऐसी दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम नियमित रूप से आती है और न ही इनकी जांच का अता पता चलता है। यह भी पता नहीं चलता है कि किसके सैंपल पास हुए है और किसके फेल। कई बार तो अधिकारी यहां आते हैं और संबंधित दुकानों पर चाय नाश्ता कर चलते बनते हैं। यही कारण है कि मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं रुक पा रही है।

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध कड़े नियम बनाए गए है, लेकिन सरकारी नुमाइंदों की लापरवाही और चंद लोगों की मिलीभगत के चलते आम लोग मिलावटी खाद्य सामग्री का उपयोग करने को मजबूर है। जिला मुख्यालय पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग का कार्यालय मौजूद हैए लेकिन सिलवानी में खाद्य एवं औषधि सुरक्षा कार्यालय नहीं होने के कारण सीधे जिले से ही जिम्मेदारों द्वारा सिलवानी पहुंचकर खाद्य सामग्री की दुकानों में जांच के नाम पर मात्र सैंपल लिए जाते है लेकिन आज तक यह पता नहीं चला कि कितने खाद्य सामग्री के सैंपल लिए और उनमें से कितने फेल हुए, जिनके फेल हुए उन पर विभाग ने क्या कार्रवाई की।

नागरिको का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर एवं औषधि विभाग का कार्यालय ना होने के कारण मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हैं। खाद्य एवं औषधि सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सिर्फ तीज त्योहारों पर ही खाद्य सामग्री के सैंपल लिए जाते हैं लेकिन यह कभी जनता को बताया नहीं जाता कि लिए गए सैंपल में से किसके पास हुए और कितने फेल, इसी तरह मेवा मिष्ठान आदि की दुकानों पर दाम भी मनमाने वसूले जा रहे हैं। इनके सामान की कोई दरें तय नहीं है,जिससे उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं।

यह बात भी सामने आई है कि नगर में कई दुकानें बिना खाद्य लायसेंस के ही चल रही है और अधिकांश होटलों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का ही उपयोग हो रहा है,लेकिन प्रशासन इस ओर अनदेखी किए हुए है,जबकि सड़क पर खुले में घरेलू गैस सिलेंडर रखकर अधिकारियों के सामने ही खुलेआम अवैध कारोबार किए जा रहे हैं।

# चौकीदार ने किया सरकारी रास्ते पर कब्ज़ा किसानों का खेत पर पहुंचना हुआ मुश्किल

### *कटसारी गांव के किसान शिकायत करने पहुंचे सलामतपुर थाने*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



थाना क्षेत्र के कटसारी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में सलामतपुर थाने पहुंचे और ग्राम चौकीदार के खिलाफ शासकीय रास्ता रोकने की शिकायत की है।

गांव के ग्रामीण राकेश यादव, प्रदीप यादव, रूपेश यादव, राजेन्द्र यादव, हेमंत यादव सहित अन्य किसानों ने बताया की गांव के चौकीदार नन्नूलाल अहिरवार ने वन विभाग के शासकीय रास्ते पर कब्ज़ा कर लिया है और हम किसानों को रास्ते से निकलने नही दे रहा है। जिसकी वजह से कृषि कार्य के लिए हम लोग अपने खेत तक नही पहुंच पा रहे हैं। बारिश के मौसम में इसी रास्ते से गांव के किसानों का आवागमन रहता है। वहीं थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया की दोनों ही पक्षों की तरफ से आवेदन आए हैं। मामले की जांच की जा रही है। तिजालपुर ग्राम पंचायत के कटसारी गांव के चौकीदार नन्नूलाल के विरूद्ध दो थानों में तीन मामले दर्ज हैं। दो मामले सांची थाने में 2019 और 2020 में धारा 294, 324, 325, 506 के अंतर्गत और एक मामला सलामतपुर थाने में 2024 में धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के अंतर्गत दर्ज है। अब पूरे कटसारी गांव के किसान चौकीदार के शासकीय रास्ते पर कब्ज़ा करने को लेकर परेशान हैं।

# रेत से भरे ओवरलोड डंपर अवैध रुप से कर रहे परिवहन

### *अनफिट डंपर बीच बाजार से कर रहे अवैध परिवहन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



प्रशासन की नाक के नीचे लगातार अवैध रुप से रेत का परिवहन हो रहा है, बल्कि रेत से भरे डंपर, ट्रक आदि वाहन अनफिट होने के साथ ही ओवर लोड रेत भर कर अंधी रफ्तार से दौड़ रहे है। लेकिन प्रशासनिक अफसरो के द्वारा अनफिट ओवरलोड रेत से भरे वाहनो पर कोई कार्रवाही नही की जा रही है।

फल स्वरुप अफसरो की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे है बताया जा रहा है कि बाड़ी,बरेली, देवरी, उदयपुरा सहित अन्य नर्मदा घाटों से बड़ी संख्या में शहर से डंपर रेत का परिवहन अवैध रूप से कर रहे हैं। इन डंपर चालकों के पास फिटनेस सार्टिफिकेट है ना ही यह पूरी तरह से फिट है। वहीं अनुभवहीन चालक इन डंपरों को चला रहे हैं। खनिज विभाग और पुलिस इन वाहनों की जांच नहीं कर रहे हैं। इसके चलते यह वाहन चालक बेफिक्र आवागमन कर रहे हैं। खास बात यह है कि नगर के बीचों बीच से दो स्टेट हाइवे निकले हैं और इन्हीं स्टेट हाइवे पर हाट लगता है। ऐसे में तेज गति से चल रहे डंपरों के आवागमन से हादसा होने की आशंका बनी रहती है। डंपर ओवरलोड होने के कारण सड़कों पर रेत भी फैलती जाती है, जिससे दुर्घटनाएं होती हैं। यही नहीं थाना, तहसील, एसडीएम कार्यालय के सामने से रोजाना डंपर, ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियां अवैध रूप से रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं। बावजूद इसके इन पर कार्रवाई नहीं होना समझ से परे है। बता दें कि नर्मदा घाट केतोबान और बोरास से रेत भरकर सागर, बीना, विदिशा और खुरई आदि स्थानो की ओर जाने वाले इन वाहनों से बड़ी मात्रा में पानी और रेत गिरते हुए देखा जा सकता है। वहीं दूसरी ओर अधिकतर वाहन संचालकों के पास कागजातों में रायल्टी के नाम पर सिर्फ टोकन रहते हैं।

#### कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

जिले में नर्मदा नदी देवरी से लेकर भारकच्छ के बीच होकर गुजरती है जिसमें जिसमें जगह.जगह रेत ठेकेदार के द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। वैध खदानों से भी रायल्टी की राशि तो ली जा रही है, लेकिन रायल्टी रसीद की जगह एक टोकन दिया जा रहा है। इससे शासन को रोजाना लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इतना सब होने के बावजूद खनिज अमला अवैध उत्खनन वि बेखबर है। हालांकि खानापूर्ति को लेकर खनिज विभाग के द्वारा यदा.कदा कभी कभार छोटी मोटी कार्रवाई कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है।

प्रतिदिन लगभग 100 से डेढ़ सौ डम्पर रेत रोजाना दूसरे शहरों में ऊंचे दामों में बेची जाती है। परिणाम स्वरूप नगर से निकलने वाले ओवरलोड वाहनों के कारण सड़क समय से पूर्व क्षतिग्रस्त हो रही हैं। दिलचस्प है कि इस मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का आदेश भी बेअसर साबित हो रहा है। दरअसल एनजीटी के द्वारा नदी से रेत निकालने को लेकर निर्धारित मापदंडों का ठेकेदार के द्वारा पालन नहीं किया जा रहा जिसका जीता जागता सबूत निकलने वाले रेत के अधिकतर वाहनों से बड़ी मात्रा में पानी गिरते हुए देखा जा सकता है।

# बेतरतीब पार्किंग से नगर में लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




मुख्य सड़क मार्ग पर बेतरतीब वाहन पार्किंग,फुटकर दुकानों के डेरे के कारण यातायात व्यवस्था चौपट हो रही है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है बल्कि आए दिन वाहन चालकों में विवाद भी हो रहे हैं। यही नहीं वाहन दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती है। लेकिन अब तक शहर की जाम से शहरवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए जिम्मेदारों ने न तो पहल की न ही जाम का कारण बन रहे अतिक्रमणकारियों व वाहन चालकों पर कोई ठोस कार्रवाई की।

ऐसे में नगर के लोग आए दिन परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बुधवार को एक बार फिर यातायात की बिगड़ैल व्यवस्था से नगरवासियों को दो चार होना पड़ा। मुख्य सड़क पर चहुंओर बेतरतीब खड़े वाहन ही वाहन खड़े दिखाई दिए। इस अव्यवस्था से पुलिस और प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खुलती नजर आई। लंबे समय से नगर के मुख्य सड़क मार्ग के दोनों तरफ अवैध रूप से खड़े रहने वाले वाहन और सड़क पर फैला बाजार नगर की यातायात व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं। वैसे तो नगर में जाम लगने के कारण अतिक्रमण और अवैध पार्किंग बना हुआ है। जिन पर पुलिस और प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। नागरिक बोले यदि प्रशासन अतिक्रमण हटा दे और पुलिस अवैध पार्किंग पर चालानी कार्रवाई करे तो कुछ हद तक सुधार आ सकता है। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि रोजाना जाम के हालत बन रहे हैं। नागरिकों ने सवाल किया है कि आखिर इस जाम की समस्या से कब निजात मिलेगी।


पैदल राहगीरों को नो पार्किंग और कहीं भी सड़क पर खड़े वाहनों से,बेतरतीब यातायात से इस तरह लग रहा सड़क पर जाम। आवाजाही में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। गौर तलब रहे कि गांधी चौक, बजरंग चौराहा, उदयपुरा रोड, सागर रोड़, बरेली रोड तक का पूरा इलाका अवैध पार्किंग की चपेट में रहता है। यहां नियमित मॉनिटरिंग एवं कार्रवाई की आवश्यकता है।

### नए कानून को लेकर थाने में हुआ जन-संवाद कार्यक्रम

**गैरतगंज।** सोमवार दोपहर को स्थानीय थाना प्रांगण में एक सेमिनार आयोजित कर जन संवाद किया गया। जिसमें एक जुलाई से लागू हो रहे कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के भारतीय दण्ड संहिता यानी आईपीसी दण्ड प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी और इन्डियन एविडेंस एक्ट का स्थान लेंगे कानून मे हुए नये संशोधन की जानकारी देने के लिए जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी, अभिभाषक एवं युवा छात्र-छात्राएं बच्चों को शामिल किया गया।

# प्रवेश पत्र में तारीख गलत होने से छात्रा परीक्षा देने से रही वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज




सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव संग्रामपुर में रहने वाली छात्रा पलक यादव पिता टीकाराम यादव के प्रवेशपत्र में तारीख गलत डाल देने कारण छात्रा पेपर देने से वंचित रह गई है।

पलक यादव और उसके पिता टीकाराम यादव ने बताया कि मेरी पुत्री कक्षा 9 वी में शासकीय पीएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज में पढ़ती है। उसकी इस साल अंग्रेजी विषय और सामाजिक विज्ञान के विषय में सप्लीमेंट्री आई थी। पलक साल भर से मेहनत कर परीक्षा देने की तैयारी कर रही थी लेकिन दीवानगंज स्कूल से जो प्रवेश पत्र मैडम दुर्गा लोधी से मिला था। उसमें अंग्रेजी पेपर की तारीख 24 जून और सामाजिक विज्ञान के पेपर की तारीख 28 जून डाली गई थी। जबकि सामाजिक विज्ञान का पेपर 26 जून को था। पलक के पिता टीकाराम यादव का कहना है कि दीवानगंज स्कूल की शिक्षिका दुर्गा लोधी द्वारा प्रवेश पत्र में 28 जून को विज्ञान के पेपर की तारीख गलत डाल देने के कारण पलक परीक्षा से वंचित रह गई है। जो प्रवेश पत्र में तारीख डाली हुई थी।

उस तारीख पर पलक पेपर देने रायसेन गई तो वहां पर कुछ भी नहीं मिला। वहां से जानकारी मिली कि पेपर तो दो दिन पहले 26 जून हो चुका है। तारीख गलत डाल देने के कारण मेरी पुत्री पेपर नहीं दे पाई। पेपर नहीं देने के कारण उसकी पूरी साल बर्बाद हो गई। इसकी जवाबदारी कौन की रहेगी।

# थाना सांची में मनाया नया भारत नया विधान, बच्चों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची




आज सोमवार को सांची में थाने के द्वारा नगर के सभी पत्रकार गढ़ मान्य नागरिक और स्कूल के बच्चों और शिक्षकों तथा नायब तहसीलदार के द्वारा रैली निकाली गई और थाने में लाकर बच्चों को नए भारत नया विधान के बारे में समझाया गया और नया की धाराओं के बारे बताया गया।

बच्चों के द्वारा राष्ट्रगान करवाया गया इसके बाद बैठक में थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी द्वारा धाराओं के बारे में बताया गया। वहीं रायसेन वकील राजमल जैन के द्वारा व्यवस्थित तरीके से पुरी। धाराओं की जानकारी दी गई अंत में नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार सभी का आभार व्यक्त किया गया इसमें उपस्थित नायब तहसीलदार नियति साहू थाना प्रभारी मानसिंह चौधरी नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार रायसेन वकील राजमल जैन पत्रकार जगदीश महतो रजनीश श्रीवास्तव अमोल सिंह यादव मंटू कृपाल सिंह राजपूत दीपक राय मोनू जैन पूर्व राजस्व मंत्री रघुवीर सिंह सूर्यवंशी पार्षद अमित जोशी रघुवीर सिंह चौहान राजू बर्मा तथा स्कूल के अध्यापक मौजूद रहे।

### नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा को दिया महत्व

# सिलवानी में नवीन कानून के संबंध में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



1 जुलाई से नवीन आपराधिक कानून लागू हो गया है गृह मंत्रालय एवं पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के दिशा निर्देशों के पालन में तथा पुलिस अधीक्षक रायसेन विकास कुमार साहवाल के मार्गदर्शन में सोमवार को थाना सिलवानी में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, गणमान्य नागरिक, मीडिया कर्मी, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे। यहां उपस्थितो को बताया गया कि आज से पुराने कानून आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता एव सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं साक्ष्य अधिनियम की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो चुका है नवीन अपराध कानून में महिलाओं बच्चों से संबंधित कानूनी प्रक्रिया अधिकार सुरक्षा तथा नवीन धाराएं इत्यादि के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तहसीलदार सुधीर शुक्ला, अधिवक्ता एसके जैन, एसएम लुकमान, आलोक श्रीवास्तव, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विजय सोनी शिक्षक, थाना प्रभारी डीपी सिंह आदि ने विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप जानकारी देते हुए बताया कि एक जुलाई से देश में अनेक कानून नए स्वरूप में लागू हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने समय से चले आ रहे ऐसे विधेयक एवं अधिनियम में भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता (1898), 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 शामिल हैं। भारतीय दंड संहिता 1860 को भारतीय न्याय संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। दंड प्रक्रिया संहिता 1898 को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इसी तरह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 को भारतीय साक्ष्य विधेयक 2023 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। यह भी बताया कि बताया कि कानून के नए स्वरूप में दण्ड के स्थान पर न्याय का महत्व बढ़ाने तथा भारतीय नागरिकों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों की रक्षा को महत्व दिया गया है।

विभिन्न कानूनों तथा धाराओं के नवीन स्वरूप की जानकारी देने मोबाइल एप एसीआरबी संकलन ऑफ क्रिमिनल लॉ मोबाईल एप बनाया गया है, जिसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। कार्यक्रम का आभार थाना प्रभारी डीपी सिंह ने माना। इस मौके पर संजय मस्ताना, सलीम काजी, गिरजीस चौरसिया, मुन्ना मैकानिक, राजेंद्र सोनी, महेष नामदेव, शमीम काजी, नारायण यादव, सवाई सेठ जयबाबू जैन, सवाई सेठ पुनीत समैया, श्रीराम सेन, आषीष सैनी, कौषर खान, इल्याज ताज, विनय जैन, प्रदीप कुषवाहा, मोंहन साहू, श्याम साहू, संदीप शर्मा, संजीव जैन जेके, आरके जैन,बबलू पाल आदि मौजूद रहे।